HS/XI/A. Sc. Com/H/20

2020

HINDI

(Modern Indian Language)

Full Marks :100

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

General Instructions:

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part–A Objective Questions serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

(PART : A–OBJECTIVE)

(*Marks* : 50)

SECTION–I

(*Marks* : 20)

गद्य और पद्य

1. पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1 x 10 = 10

(क) पंडित अलोपीदीन दातागंज के निवासी थे।

(ख) अपू के साथ ढाई साल एक संस्मरण है।

(ग) गलता लोहा जातिगत विभाजन पर आधारित कहानी है।

(घ) जवाहरलाल नेहरू का जन्म प्रयाग के एक संपन्न परिवार में हुआ था।

(ङ) सैयद हैदर रज़ा महान संगीतकार थे।

(च) 'बीजक' कबीर की रचनाओं का संकलन है।

(छ) मीरा मूलत: शिव की उपासिका थी।

(ज) 'वे आँखे' सुमित्रानंदन पंत की छायावादी कविता है।

(झ) भवानी प्रसाद मिश्र को कविता का गाँधी कहा गया है।

(ञ) निर्मला पुतुल का जन्म एक आदिवासी परिवार में हुआ।

2. कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: 1 x 5 = 5

(क) नाचने के लिए खुला _____। (आँगन / घर)

(ख) बिना दवा दर्पन के _____। (पत्नी / घरनी)

(ग) कबीर भक्ति काल की _____ धारा के प्रतिनिधि कवि हैं। (सगुण / निर्गुण)

(घ) सत्यजित राय एक_____ कंपनी में नौकरी करते थे। (विज्ञापन / समाचार पत्र)

(ङ) मासिक वेतन तो _____ का चाँद है। (पूर्णमासी / रात)

3. प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1 x 5 = 5

(क) 'घर की याद' कविता में किसके मर्म का उद्घाटन है।

(i) मजदूर

(ii) किसान

(iii) घर

(iv) शहर

(ख) अक्कमहादेवी किसकी अराधना करती थी।

(i) राम

(ii) शिव

(iii) कृष्ण

(iv) विष्णु

(ग) फिल्म के एक दृश्य में अपू की माँ सर्वजया अपू को क्या खिला रही है।

(i) चना

(ii) भात

(iii) रोटी

(iv) दूध

(घ) पंडित अलोपीदीन को किसपर अखंड विश्वास था।

(i) भाई

(ii) माता

(iii) लक्ष्मीजी

(iv) बहन

(ङ) 'जामुन का पेड़' किस प्रकार की कहानी है।

(i) ऐतिहासिक

(ii) राजनीतिक

(iii) हास्य-व्यंग्य

(iv) सामाजिक

SECTION–II

(*Marks* : 30)

(व्याकरण तथा रचना)

4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में निबन्ध लिखिए: 10

(क) आदर्श समाज

(ख) खेल और जीवन

(ग) समाचार-पत्र की उपयोगिता

(घ) भ्रष्टाचार का दानव

(ङ) मेघालय के लोकोत्सव।

5. अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें कौशल विकास का महत्व बताया गया हो। 10

अथवा

अपने मोहल्ले में बढ़ते पानी-संकट की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में (क) अथवा (ख) का उत्तर लिखिए: 10

सत्य के अनेक रूप होते हैं, इस सिद्धान्त को मैं बहुत पसंद करता हूँ। इसी सिद्धान्त ने मुझे एक मुसलमान को उसके अपने दृष्टिकोण से और ईसाई को उसके स्वयं के दृष्टिकोण से समझना सिखाया है। जिन अंधों ने हाथी का अलग-अलग तरह से वर्णन किया वे सब अपनी दृष्टि से ठीक थे। एक-दूसरे की दृष्टि से सब गलत थे, और जो आदमी हाथी को जानता था, उसकी दृष्टि से सही भी थे और गलत भी थे।

जब तक अलग-अलग धर्म मौजूद हे, तब प्रत्येक धर्म को किसी विशेष बाह्य चिह्न की आवश्यकता हो सकती है। लेकिन जब बाह्य चिह्न केवल आडंबर बन जाते हैं अथवा अपने धर्म को दूसरे धर्मो से अलग बताने के काम आते हैं, तब वे त्याज्य हो जाते हैं।

धर्मो के भ्रातृ-मंडल का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह हिंदू को अधिक अच्छा हिंदू, एक मुसलमान को अधिक अच्छा मुसलमान और एक ईसाई को अधिक अच्छा ईसाई बनाने में मदद करे। दूसरों के लिए हमारी प्रार्थना वह नहीं होनी चाहिए—ईश्वर, तू उन्हें वही प्रकाश दे जो तूने मुझे दिया है, बल्कि यह होनी चाहिए—तू उन्हें वह सारा प्रकाश दे जिसकी उन्हें अपने सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यकता है।

(i) किसी भी धर्म के अनुयायी को उसी के दृष्टिकोण से देखने की समझ किस सिद्धान्त के कारण पैदा हुई ?

(ii) 'अंधे और हाथी' का उदाहरण क्यों दिया गया ?

(iii) धर्म के बाह्य चिह्नों को क्यों त्याग देना चाहिए ?

(iv) हमें ईश्वर से क्या प्रार्थना करनी चाहिए ?

(v) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

अथवा

(ख) (i) निम्न शब्दों के पर्यायवाची लिखिए (कोई **दो**): 1 x 2 = 2

(अ) आँख

(आ) गंगा

(इ) राजा

(ii) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (कोई **दो**): 1 x 2 = 2

(अ) सदाचार

(आ) यश

(इ) आशा

(iii) निम्न शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए (कोई **तीन**): 1 x 3 = 3

(अ) अक्षर

(आ) कंचन

(इ) रक्त

(ई) स्नेह

(iv) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई **तीन**): 1 x 3 = 3

(अ) आँख में गड़ना

(आ) मुँह उतरना

(इ) पानी-पानी होना

(ई) गला काटना

(PART : B–DESCRIPTIVE)

(*Marks* : 50)

7. निम्नलिखित अवतरणों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए: 5 x 2 = 10

(क) पिछले सुख की स्मृति आँखों में
क्षण भर एक चमक है लाती,
तुरंत शून्य में गड़ वह चितवन
तीखी नोंक सदृश बन जाती।

अथवा

कह न देना मौन हूँ मैं,
खुद न समझूँ कौन हूँ मैं,
देखना कुछ बक न देना,
उन्हें कोई शक न देना,

अथवा

आओ, मिलकर बचाएँ
कि इस दौर में भी बचाने को
बहुत कुछ बचा है,
अब भी हमारे पास।

(ख) 'चालीस हजार नहीं, चालीस लाख पर भी असंभव है।बदलू सिंह, इस आदमी को अभी हिरासत में ले लो। अब मैं एक शब्द भी नहीं सुनना चाहता।'

अथवा

मोहन ने उत्तर में कुछ नहीं कहा लेकिन हँसुवे को हाथ में लेकर वह फिर वहीं बैठा रहा जैसे उसे वापिस जाने की कोई जल्दी न रही हो।

अथवा

मगर कवि का हाथ ठंडा था, आँखों की पुतलियाँ निर्जीव और चींटियों की एक लंबी पाँत उसके मुँह में जा रही थी.....।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए : 2 x 5 = 10

(क) कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है?

(ख) 'नमक का दारोगा' कहानी का कौन-सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों?

(ग) रज़ा के पसंदीदा कलाकार कौन थे?

(घ) धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी कयों समझता था?

(ङ) 'आओ, मिलकर बचाएँ' कविता अदिवासी समाज की किन बुराइयों की ओर संकेत करती है?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5 x 2 = 10

(क) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है? वह रूप कैसा है?

(ख) भारत माता के प्रति नेहरू जी की क्या अवधारणा थी?

(ग) 'भूलो' की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया?

(घ) मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है?

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 x 4 = 20

(क) कुँई का मुँह छोटा क्यों रखा जाता है?

(ख) लता मंगेशकर ने किस तरह के गीत गाये हैं? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) लेखक ने लता मंगेशकर को बेजोड़ गायिका माना है। क्यों?

(घ) बेबी के चरित्र की विशेषताएँ बताइए।

(ङ) बेबी हालदार को लेखन के लिए किन-किन लोगों ने उत्साहित किया।

★★★

HS/XI/A/h/20

2020

HINDI

(ELECTIVE)

Full Marks : 100

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

General Instructions :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part — A Objective Questions serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

(PART : A – OBJECTIVE)

(*Marks* : 50)

SECTION – I

(*Marks* : 30)

1. पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए: $1\times10=10$

(क) कर्म में आनन्द अनुभव करनेवालों ही का नाम कर्मण्य है।

(ख) अब गेहूँ बन गया है प्रतीक विलासिता का, भ्रष्टाचार का, गन्दगी और गलीज का।

(ग) मल्लिका ने प्रियंगुमंजरी द्वारा भेजे वस्त्रों और स्वर्ण-मुद्राओं को वापस कर दिया था।

(घ) निन्दा रस नामक निबंध में लेखक ने निन्दा रस में लीन व्यक्तियों पर तीखा व्यंग्य किया है।

(ङ) पानी पीने के विषय में लोगों की समान रूचि देखने को मिलती है।

(च) गोदावरी के किनारे बसा अकोला महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी है।

(छ) कालिदास मल्लिका के आग्रह पर उज्जयिनी जाते हैं।

(ज) निर्मला की ननद का नाम कृष्णा है।

(झ) अम्बिका के अनुसार कालिदास मल्लिका की भावना से खिलवाड़ कर रहा है।

(ञ) दक्षिण गंगा गोदावरी एक संस्मरण है।

2. कोष्ठकों में से उचित शब्द लेकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $1\times10=10$

(क) गहने ही स्त्री की _____ होते हैं। (सम्पत्ति/ विपत्ति)

(ख) मनुष्य_____ कष्ट से ही पीछे हटनेवाला प्राणी नहीं है। (मानसिक / शारीरिक)

(ग) जब तक मानव के जीवन में गेहूँ और गुलाब का _____ रहा, वह सुखी रहा, सानन्द रहा। (संतुलन / असंतुलन)

(घ) तोताराम के पुत्र _____ ने आत्महत्या की थी। (सियाराम / जियाराम)

ङ) निशा ने इन्दु को परास्त करके अपना साम्राज्य _____ कर लिया था।
(विस्थापित / स्थापित)

(च) भक्तों की तुलना में निन्दक _____ हैं। (श्रेष्ठ / सर्वश्रेष्ठ)

(छ) 'कुमारसंभव' _____ की रचना है। (कालिदास / तुलसीदास)

(ज) कोई काम उमदा तरह कभी नहीं होगा जबतक उस काम में _____ न हो। (रूचि / श्रद्धा)

(झ) गोदावरी नदी को _____ की गंगा कहा गया है। (दक्षिण / उत्तर)

(ञ) कालिदास _____ के शासक बनते हैं। (उज्जयिनी / काश्मीर)

3. सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 10 = 10$

(क) ''मुझे भीगने का तनिक खेद नहीं, भीगती नहीं तो आज मैं वंचित रह जाती।''
– यह कथन किसका है?

(i) अम्बिका

(ii) मल्लिका

(iii) प्रियंगुमंजरी

(iv) संगिनी

(ख) 'हमारा सोने का हिन्दोस्तान'– यह गीत गाइये, किन्तु यह न भूलिये कि यहाँ एक सोने की नगरी थी, जिसमें राक्षसता वास करती थी।'– यह पंक्ति किस निबंध से उद्धृत है।

(i) गेहूँ बनाम गुलाब

(ii) उत्साह

(iii) रुचि

(iv) निन्दारस

(ग) 'निन्दा रस' किस प्रकार का निबंध है?

(i) ललित

(ii) भावात्मक

(iii) मनोवैज्ञानिक

(iv) हास्य व्यंग्यात्मक

(घ) कर्म के अनुष्ठान में जो आनन्द होता है उसका विधान कितने रूपों में दिखाई पड़ता है –

(i) एक

(ii) दो

(iii) तीन

(iv) चार

(ङ) 'दक्षिण गंगा गोदावरी' निबंध के लेखक कौन है?

(i) बालमुकुंद गुप्त

(ii) हरिशंकर परसाई

(iii) काका कालेलकर

(iv) रामचन्द्र शुक्ल

(च) किस निबंध में भगवान कृष्ण का उल्लेख हुआ है।

(i) गेहूँ बनाम गुलाब

(ii) रुचि

(iii) निन्दारस

(iv) उत्साह

(छ) सम्मान प्राप्त होने पर सम्मान के प्रति प्रकट की गयी उदासीनता व्यक्ति के महत्व को बढ़ा देती है। यह उक्ति किस पाठ से उद्धृत है?

(i) निर्मला

(ii) आषाढ़ का एक दिन

(iii) रुचि

(iv) उत्साह

(ज) ''मै राजकीय मुद्राओं से क्रीत होने के लिए नहीं हूँ।''– यह कथन किसका है?

(i) निक्षेप

(ii) मातुल

(iii) कालिदास

(iv) दन्तुल

(झ) निर्मला के पिता का नाम क्या था?

(i) भालचन्द्र सिन्हा

(ii) मोटेराम

(iii) तोताराम

(iv) बाबु उदयभानुलाल

(ञ) कालिदास कौन थे?

(i) कवि

(ii) शासक

(iii) राजकीय सेवक

(iv) ग्राम पुरूष

SECTION – II

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में दीजिए : $2 \times 10 = 20$

(क) निर्दोष मिथ्यावादी निन्दक कौन होते हैं ?

(ख) उत्साह और साहस में क्या अंतर है ?

(ग) मल्लिका के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) मंसाराम के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) गुलाब की दुनिया कैसी होगी ?

(च) वेश-भूषा के विषय में लोगें की अलग-अलग रुचि किस रूप में मिलती है ?

(छ) निर्मला और सुधा के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था ?

(ज) कालिदास किस प्रकार का व्यक्ति था ?

(झ) भुवनमोहन सिन्हा ने निर्मला का रिश्ता क्यों ठुकरा दिया था ?

(ञ) प्रियंगुमंजरी कौन थी ?

(PART : B – DESCRIPTIVE)

(*Marks* : 50)

5. निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $6 \times 3 = 18$

(क) बिनाश्रद्धा अथत् रुचि के जप-तप, दान, हवन आदि जो किया जाता है, सब व्यर्थ है- करना न करना दोनों एक-सा है, न परलोक में उसका कुछ फल मिलता है, न इसी लोक में उस काम की कोई तारीफ करता है।

अथवा

निन्दा का उदगम ही हीनता और कमजोरी से होता है। मनुष्य अपनी हीनता से दबता है। वह दूसरों की निन्दा करके ऐसा अनुभव करता है कि वे सब निकृष्ट हैं और वह उनसे अच्छा है।

(ख) जब से ब्रह्मा ने सृष्टि रची, तब से आज तक कभी बारातियों को कोई प्रसन्न नहीं रख सका। उन्हें दोष निकालने और निन्दा करने का कोई-न-कोई अवसर मिल ही जाता है।

अथवा

ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि मेरा पूनर्जन्म आपके गर्भ से हो, जिससे मैं आपके ऋण से उऋण हो सकूँ।

(ग) विलोम इस घर में अब तो अपरिचित अतिथि नहीं है। अब तो वह अधिकार से आता है। नहीं ? अब तो वह इस घर में कालिदास का स्वागत और आतिथ्य कर सकता है।

अथवा

इस प्रदेश ने कालिदास जैसी असाधारण प्रतिभा को जन्म दिया है। यहाँ की तो प्रत्येक वस्तु असाधारण होनी चहिए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में लिखिए : (कोई **दो**) $4 \times 2 = 8$

(क) वृत्तियों को वश में करने के लिए आज के मनोविज्ञान ने कितने उपाय बताएँ हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) उत्साह को कर्म और फल की मिली-जुली अनुभूति क्यों कहा गया है ?

(ग) निन्दा किसे कहते हैं? इससे बचने का क्या उपाय है?

7. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के आधार पर कालिदास का चरित्र-चित्रण कीजिए। 8

अथवा

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में निहित उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

8. 'रुचि' निबंध में व्यक्त विचारों को स्पष्ट कीजिए। 8

अथवा

'दक्षिण गंगा गोदावरी' नामक निबंध के आधार पर गोदावरी नदी के माहात्म्य को स्पष्ट कीजिए।

9. 'निर्मला' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 8

अथवा

निर्मला उपन्यास की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए।

★★★